सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट दिनांक 31.01.2025

#CRACKDOWN

एसबीआई बैंक में चोरी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त एवं 05 बाल अपचारी को इटावा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार, कब्जे से बैंक से चोरी किये गये इलेक्ट्रानिक उपकरण, डीबीआर, एवं चोरी की घटना को कारित करने में उपकरण, 01 मोटर साइकिल अपाचे एवं 01 तमन्चा 315 बोर, 01 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस किये गये बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी भरथना इटावा के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम, थाना लवेदी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 26.01.2025 को एसबीआई बैंक लवेदी के शाखा प्रबन्धक धर्मेन्द्र सिंह यादव पुत्र किशुन लाल यादव निवासी रणवीर नगर आईटीआई चौराहा जनपद इटावा द्वारा थाना लवेदी पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 24/25.01.2025 की रात्रि को बैंक से अज्ञात चोरों द्वारा इलेक्ट्रानिक उपकरण, डी.बी.आर की चोरी कर ली गयी। सूचना पर तत्काल थाना लवेदी पर **मु0अ0सं0 03/2025 धारा 305(E)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये घटना के सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 30/31.01.2025 की रात्रि को जनपदीय स्तर पर गठित पुलिस टीम थाना लवेदी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बहादुरपुर पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुछ लड़को ने एसबीआई बैंक लवेदी से जो चोरी का सामान एवं नई बैट्रियां चोरी की थी उन्हें पुराना भट्टा बहादुरपुर घार में छुपा रखी हैं उसे वह कहीं बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल गठित पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये 05 बाल अपचारी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया एवं 01 व्यक्ति अपाचे मोटर साइकिल से डबहा गाँव की ओर भागने लगा जिस पर द्वितीय टीम को जरिये दूरभाष अवगत कराया गया जिस पर मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा दोनों ओर से स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की

गयी तो **01 गोली अंकित पुत्र अनिल सिंह के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में मां पार्वती भट्टा से समय करीब 09.45 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये बाल अपचारी एवं अभियुक्त अंकित चौहान के कब्जे से एसबीआई बैंक से चोरी किये गये इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं चोरी की घटना को कारित करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किये गये। **बरामद मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।**

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लवेदी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 03/2025 धारा 305(E)/331(4) बीएनएस में धारा 317(2)/109(पुलिस मुठभेड़) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अंकित चौहान पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम बलोह थाना लवेदी जनपद इटावा उम्र 20 वर्ष। **(बांये पैर में गोली लगी, घायल)**
2. 05 बाल अपचारी।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 03/2025 धारा 305(E)/331(4)/109/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना लवेदी जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 लैपटॉप
2. 01 प्रिन्टर मशीन
3. 01 माउस
4. 01 की-बोर्ड
5. 06 बैटरी एटीएम की
6. 01 डीबीआर
7. 01 स्कैनर
8. 01 सीसीटीवी कैमरा
9. 01 सीसीटीवी पावर सप्लायर
10. 01 राउटर
11. 01 टोनर
12. 01 सीपीयू
13. 01 मॉनीटर डैल कम्पनी का
14. 01 मॉनीटर फिलिप्स कम्पनी का
15. 01 रूम हीटर
16. 01 हूटर
17. 01 पंच मशीन

18. 01 फिंगर स्कैनर
19. 02 चाबी का गुच्छा
20. 01 हथौडा
21. 01 सब्बल
22. 01 प्लास
23. 01 मोटर साइकिल **(सीज एमवीएक्ट)**
24. 01 तमन्चा 315 बोर
25. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
26. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर

पुलिस टीमः- प्रथम टीमः- श्री अतुल प्रधान क्षेत्राधिकारी भरथना, निरी0 श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- उ0नि0 श्री कपिल चौधरी थानाध्यक्ष लवेदी, उ0नि0 राजेश कुमार, हे0का0 अमित यादव, का0 सन्नी, का0 शुभम कुमार, का0 नीशू , हे0का0 चालक नितिन कुमार।

नोटः- उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 10,000/- रूपये से पुरस्कृत किया गया।

उक्त घटना के सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी में विशेष योगदान देने वाले 03 आरक्षी (का0 नीशू, का0 शुभम कुमार, का0 सन्नी) को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा नकद 1100/- रूपये की धनराशि से पुरस्कृत किया गया।